तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025

11 अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता और...



12 खुशबू ने संस्कृति महोत्सव में पाया प्रथम...





## खबर संक्षेप

### व्यापारियों से पैसा वसूलने के मामले में कलेक्टर ने गठित की जांच समिति

**बलौदाबाजार।** महिला उत्पीड़न जांच समिति बनाये जाने के नाम पर श्रम विभाग के कतिपय अधिकारियों द्वारा व्यापारियों से पैसा वसूल किये जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने जांच समिति गठित कर एक दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। गठित जांच समिति में एसडीएम बलौदाबाजार को अध्यक्ष, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बलौदाबाजार एवं सहायक श्रम पदाधिकारी को सदस्य बनाया गया है। जांच समिति को शिकायत की गंभीरता पूर्वक जांच कर रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने कहा गया है। ज्ञाताव्य है कि महिला उत्पीड़न जांच समिति बनाये जाने के नाम पर श्रम विभाग के कतिपय अधिकारियों द्वारा दीपवाली क्रे पूर्व बलौदाबाजार क्रे व्यापारियों से पैसा वसूलने की शिकायत जिला प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई थी। जिला प्रशासन द्वारा शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर दी गई है।

### बालती में महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम बालसी के पानी टंकी के पास महुआ शराब की अवैध बिक्री करते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बालसी के पानी टंकी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा है। मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसने अपना नाम सुरेश भारती पिता बनिया भारती (64 साल) नूनपानी थाना सरायपाली का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से करीब 07 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### छात्रा को जान की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने एक छात्रा से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के मामले में अपराध दर्ज किया है। 16 वर्षीया छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने परिजनों के साथ कटंगतराई निवासी हेमंत चौहान के घर गई थी, जो हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे। वहां से लौटते समय गांव के पदुम गोनार और उसके भाई लक्ष्मण गोनार ने अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका एक्सीडेंट हुआ तो अच्छा हुआ। जब छात्रा ने इसका विरोध किया और पूछा कि ऐसा क्यों बोल रहे हो, तो दोनों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पदुम गोनार और लक्ष्मण गोनार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 3(5) और 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# परिवहन महासंगठन की बेमियादी हड़ताल से आपूर्ति व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा 25 अक्टूबर से शुरू किए गए 'स्टेयरिंग छोड़ो अभियान' के तहत अनिश्चितकालीन हड़ताल का प्रभाव पहले ही दिन से प्रदेशभर में दिखने लगा है। बस, टैक्सी, ऑटो सहित मालवाहक वाहनों के पहिए थमने लगे हैं, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बलौदाबाजार जिले के सकरी बायपास में ड्राइवर महासंघ के दर्जनों सदस्य सड़क पर उतर गए और आने-जाने वाले चार पहिया वाहनों को रोककर हड़ताल में सहयोग देने की अपील कर रहे हैं। संगठन का कहना है कि उनकी वर्षों पुरानी मांगों को लेकर कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं की गई। मजबूरन अब यह अनिश्चितकालीन हड़ताल की गई है। जिला ड्राइवर महासंघ के सचिव रवि दास ने बताया कि शनिवार को कुछ चालक हड़ताल की जानकारी के अभाव में वाहन लेकर निकल गए थे, जिन्हें समझाइश देकर हड़ताल का समर्थन करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि रविवार से यात्री बसें, एफसीआई गोदामों सहित अन्य परिवहन कार्यों में लगे वाहन चालक भी 'स्टेयरिंग छोड़' आंदोलन में शामिल होंगे।

## पहले ही दिन परिवहन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर संकट



### बाजारों में बढ़ी चिंता

हड़ताल की वजह से मालवाहक वाहनों का संचालन प्रभावित होने से बाजारों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति रुकने की आशंका गहराने लगी है। वहीं आसपास के सीमेंट संयंत्रों को भी आपूर्ति बाधित होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे ट्रांसपोर्टर्स और औद्योगिक इकाइयों की चिंता बढ़ गई है। व्यापारी वर्ग का कहना है कि यदि हड़ताल लंबी चली तो माल ढुलाई की कमी से बाजार में महंगाई बढ़ सकती है।

## कारवाई : जुआ विवाद पर जान से मारने की धमकी देकर पहुंचाई गंभीर चोट

# जुआ फड़ में मारपीट, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार के ग्राम करमदा में 17 अक्टूबर की रात जुआ खेलने को लेकर हुई विवादित मारपीट में प्रार्थीया शीबा खूंटे के पति हरिनारायण खूंटे और ससुर मालिक राम खूंटे गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी।

प्रार्थीया शीबा खूंटे निवासी ग्राम करमदा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 17 अक्टूबर को रात्रि 09:00 बजे उसके पति हरिनारायण खूंटे एवं ससुर मालिक राम खूंटे दोनों भागते हुए घर में आए। उनके शरीर में गंभीर चोंट के निशान थे तथा खून निकल रहा था। उसके पीछे-पीछे आरोपी संजय साहू, गोवर्धन साहू एवं अन्य आरोपी भी हाथ में डंडा लेकर आए तथा उनके द्वारा अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए पुनः उसके पति एवं ससुर के साथ मारपीट करने लगे।प्रार्थीया एवं उसके रिश्तेदारों द्वारा किसी तरह लड़ाई-झगड़े को छुड़वा कर आरोपियों को घर से बाहर निकाला गया। तत्पश्चात इस मारपीट के संबंध में पूछने पर उसके पति द्वारा बताया गया, कि ग्राम करमदा में बाजार चौक सोसायटी के पास आरोपियों द्वारा पूर्व में जुआ खेलने की बात को लेकर, अश्लील गाली गलौज किया जाने लगा, जिसे उसके द्वारा मना करने पर आरोपियों द्वारा लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट को देख उसके पिता मालिक राम के द्वारा बीच-बचाव किया गया, तो आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट किया गया है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1011/2025 धारा 296,115(2), 351(2), 333,3(5), 117(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



### आरोपियों ने स्वीकारा अपराध

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 04 आरोपी - 1. संजय साहू (23), 2. तोमेश उर्फ गोवर्धन साहू (30), 3. सूरज कुमार साहू (21), 4. लेखराम साहू (24) को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पूर्व में जुआ खेलने की बात को लेकर आवेश में आकर प्रार्थी के पति उसके ससुर के साथ, अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना स्वीकार किया गया, जिससे प्रार्थीया के पति एवं उसके ससुर को गंभीर चोटें आई है। कि प्रकरण में शामिल सभी चारों आरोपियों को 25 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## चरौटी में युवती की जलकर मौत, हत्या की आशंका

**बलौदाबाजार।** चरौटी में ग्राम की ही युवती की पैरावट में जली हुई अवस्था में लाश मिली है। की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल ग्राम चरौटी पहुंचा। साथ ही फोरेंसिक टीम के माध्यम से भी शव एवं घटनास्थल का सूक्ष्म जांच एवं निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में शव, मृतिका कु. तेजस्विनी पटेल पिता रूप सिंग पटेल उम्र 26 साल निवासी ग्राम चरोटी पटेल पारा गुड़ी चौक का होना पाया गया है। प्रथम दृष्टया प्रकरण में युवती की हत्या करना प्रतीत हो रहा है, अपितु प्रकरण में घटनास्थल संपूर्ण जांच कार्यवाही, गवाहों, परिजनों के कथन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर संपूर्ण स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। अग्रिम संपूर्ण वस्तुस्थिति एवं जानकारी प्राप्त कर आपको पृथक से उपलब्ध कराई जाएगी।



# म्यूल अकाउंट संचालन के आरोप में 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने 24 अक्टूबर 2025 को शैलेंद्र चौहान (31) और अनिल कुर्रे (27) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के बैंक खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से धोखाधड़ी में किया जा रहा था।

■ पूर्व गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हुई गिरफ्तारी

इसी क्रम में ग्राम कुम्हारी निवासी आरोपी लक्ष्मी नारायण पटेल सहित 04 अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया गया था, जिनके द्वारा अपने खाते को साइबर फ्रॉड में म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग किया जाना पाया गया। जिस पर जांच उपरांत थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 763/2025 धारा 317(4), 318(4), 61(2)(A) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के जांच क्रम में तथा गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ पर प्राप्त जानकारी में कई अन्य आरोपियों के संबंध में पता चला, जिनके द्वारा साइबर ठगी से रकम प्राप्त करने हेतु म्यूल अकाउंट का संचालन किया जा रहा है।

### पूछताछ में कबूला गुनाह

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ, परिस्थितिजन्य एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी शैलेन्द्र चौहान एवं अनिल कुर्रे को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि आरोपी शैलेंद्र चौहान द्वारा बैंक खाता को कमीशन पर लिया जाता था तथा वर्तमान में अनिल कुर्रे के साथ मिलकर महाकाल ऑनलाइन गेमिंग एप में ढाई-ढाई प्रतिशत में ऑनलाइन गेमिंग का कार्य करता था।

# फल विक्रेता की हत्या, घर में मिला खून से लथपथ शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी



थाना पलारी क्षेत्र के ग्राम वटगन में एक फल विक्रेता की उसके ही घर में निर्मम हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार आज प्रातः पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम वटगन निवासी अमित गिरी (45 वर्ष) का शव घर के अंदर खून से लथपथ अवस्था में पड़ा है। सिर पर प्राणघातक वार कर उसकी हत्या की गई है।

सूचना पर थाना पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पंचनामा और प्रारंभिक जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल एवं शव का सूक्ष्म निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक अमित गिरी फल विक्रेता का काम करता था और घटना के ▸▸ शेष पेज 11 पर

# पार्षद की दुकान में लगातार दूसरे दिन हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



बलौदाबाजार में चोरों का आतंक लगातार बढ़ते जा रहा है इसी क्रम में बलौदा बाजार नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बगल में पार्षद शेखर गुप्ता के होटल में अज्ञात चोरों ने धावा बोल वहां रखे नगदी पर हाथ साफ कर दिया वहीं गल्ले को दुकान के पीछे फेंक दिया। घटना की सूचना कोतवाली थाना में दी गई पर पुलिस ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया वहीं कार्यवाही न होते देख चोरों के हौसले बुलंद हुआ और दुसरे दिन भी उन्होंने दुकान में चोरी कर नगद रुपए लेकर फरार हो गए हैं। घटना के संबंध में होटल व्यवसाई पार्षद शेखर गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वह रात्रि में दुकान बंद कर घर आ गए थे दुसरे दिन जाकर ▸▸ शेष पेज 11 पर

# नशे में धुत 10 युवकों ने की मारपीट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधोरा में मातर पर्व के अवसर पर एक परिवार के घर में घुसकर मारपीट करने वाले 10 आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार रात नशे में धुत दस युवकों ने वारदात को अंजाम दिया था। दरअसल, पीड़ित परिवार के मुखिया कन्हैया यादव (54) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गांव के सूरज जांगड़े उर्फ सत्ती ने अपने नौ ▸▸ शेष पेज 11 पर

■ सिंधोरा गांव में नशे में धुत युवकों ने किया हमला



### न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

कन्हैया यादव की शिकायत पर पलारी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूरज जांगड़े, विष्णु घृतलहरे, यशवंत घृतलहरे, युवराज घृतलहरे, धीरज रात्रे, मयंक, तिलक घृतलहरे और विक्रम को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 452, 294, 506, 323 और 34 दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## ग्राम छेछर में मां काली का हुआ पूजा महोत्सव , सरिता जायसवाल ने लिया आशीर्वाद

# भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से महोत्सव की गरिमा बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

ग्राम छेछर में पांच दिवसीय भव्य माता का काली का पूजा महोत्सव कार्यक्रम में चौथे दिवस प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरिता जायसवाल सम्मिलित हुए थे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरिता जायसवाल का फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया था। माता काली का पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया गया है। रात्रि 8 बजे महिला मानस मंडली के द्वारा भजन कीर्तन करते हुए कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छेछर में जय मां काली नवयुवक समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा भव्य मां काली पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में उपस्थित हुई एवं मां काली जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त की।



ग्रामवासी एवं कीर्तन मंडली गंगा जमुना द्वारा आत्मीय स्वागत किया इस मान सम्मान के लिए आप सभी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं आप सभी के स्नेह और प्रेम के लिए। 21 अक्टूबर को माता काली का पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। 22 अक्टूबर को जय मां चंडी दाई जसगीत पार्टी ग्राम कर्रा का प्रस्तुति दिया गया था। 23 अक्टूबर को श्रृंगार पूजा कन्या भोजन का आयोजन रखा गया था। बालक बसना ग्राम झपोरा (बिलाईगढ़ ) का प्रस्तुति दिया गया था। 24 अक्टूबर को हवन पूजन विधि विधान से किया गया था। जय मां महामाया दाई जस गीत पार्टी ग्राम पंचायत सर्वा का प्रस्तुति दिया गया था। व्यास महराज पंडित देवश्रुत दीपक शर्मा। दिपावली पर्व में भक्तिमय वातावरण बना हुआ था। प्रतिदिन संध्या महाआरती में भक्तों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया जाता था, धर्म कर्म माहौल बना हुआ था।

### ये हुए सम्मिलित

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रेशम लाल वर्मा, जनकराम वर्मा, सरपंच किशोर, प्रधान उपसरपंच सरिता वर्मा, आयोजन समिति के अध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष संजू यादव, सचिव राजू कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, व्यवस्थापक गोकुल वर्मा, समिति के सदस्यगण राधेश्याम वर्मा, सरोज वर्मा, अनिश वर्मा, संजय दत्त वर्मा, सोमनाथ प्रजापति, कौशल वर्मा, उतरा वर्मा, गंगा जमुना, कीर्तन मंडली गंगा वर्मा, फिर बाई, मोहनबाई, तिलेश्वरी, द्वास बाई साहू, शांति बाई, अंबिका बाई साहू, बृज बाई, पुरातन बाई, सावित्री बाई केवट, नंदकुमार वर्मा, दामोदर कमल वर्मा, मालिकराम वर्मा, महेश वर्मा, श्याम वर्मा, संजय वर्मा, ओमप्रकाश, ओम वर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए थे।

स्टाफ की आवश्यकता है
मैनेजर - 2 पद
अकाउंटेंट - 2 पद
नर्सिंग स्टाफ - 5 पद
रिसेप्शनिस्ट - 3 पद
PRO - 5 पद
प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. राबिया वसीम
डायरेक्टर व डेंटल सर्जन
आर्थोपेडिक्स एवं क्रिटिकल केयर
जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग
जनरल मेडिसिन विभाग एवं ICU
नोट: अनुभवी को प्राथमिकता एवं वेतन योग्यतानुसार संपूर्ण दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें
ॐ ओमकार
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर
छुईहा, भाटापारा रोड, बलौदा बाज़ार, जिला: बलौदाबाज़ार-भाटापारा (छ.ग.)
मो.: 9669861908, 7869611406

## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस पर स्कूलों व कॉलेजों में अवकाश घोषित

**रायपुर।** राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 नवंबर को प्रदेश के विद्यालयों और महाविद्यालयों में शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। एक नवंबर को शनिवार होने के कारण पूर्व से ही समस्त शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में अवकाश है। अब स्कूल-कॉलेजों में भी छुट्टी घोषित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि उक्त स्थानीय अवकाश बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थान के लिए लागू नहीं होगा।

### फीडबैक देने महापौर ने लोगों से की अपील

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने शहर की जनता से स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर को प्रथम रैंकिंग मिल सके। इसके लिए फीडबैक देने की अपील की है। महापौर के अलावा सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी सहित अन्य एमआईसी सदस्यों ने भी लोगों से अधिका से अधिक संख्या में स्वच्छता फीडबैक देकर शहर के प्रति अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाने की अपील की।

### दिवाली छुट्टी खत्म होने के बाद भी कई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे

**रायपुर।** दिवाली की छुट्टी खत्म होने के बाद भी कलेक्टोरेट के कई विभागों के कार्यालयों में कई कर्मचारी शुक्रवार को भी छुट्टी पर रहे। इसके कारण इन विभागों में कामकाज भी प्रभारित रहा। दिवाली में शासकीय कर्मचारियों को सोमवार एवं मंगलवार को अवकाश घोषित किया था, लेकिन कई कर्मचारी बुधवार, गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी अवकाश पर रहे है। इनमें आबकारी, कृषि, आदिमजाति विकास, पंजीयन कार्यालय, प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग के अलावा जिला पंचायत कार्यालय के कुछ विभागों के कार्यालय में भी कर्मचारी छुट्टी पर रहे।

### छग सिंधी महापंचायत का दीपावली मिलन आज

**रायपुर।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत का दीपावली मिलन समारोह रविवार 26 अक्टूबर को शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में आयोजित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी व पवन प्रीतवानी ने बताया कि भगवान श्रीराम एवं साईं झूलेलाल की स्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। शाम 7 बजे से दीपक उदासी एवं टीम द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम पेश किया जाएगा। इस मौके पर शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, चकरभाटा के भगवान झूलेलाल धाम के संत साईं लालदास, देवपुरी गोदड़ीवाला धाम की महंत अम्मा मीरादेवी एवं संतजन आशीर्वाद देने उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शहर की सभी पूज्य सिंधी पंचायतों के मुखीगणों, सामाजिक संस्थाओं एवं समाजजनों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान रात्रिभोज का कार्यक्रम भी रखा गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, राधाकिशन सुंदरानी, रवि ग्वालानी, दिनेश अठवानी, राजेश वासवानी समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य शामिल होंगे।

### नमी ने बिगाड़ रखा है मौसम, दिन की तुलना में रात ज्यादा गर्म


**रायपुर।** बंगाल का खाड़ी से आने वाली नमी ने राज्य के मौसम को बिगाड़ रखा है। अक्टूबर का अंतिम सप्ताह शुरू होने के बाद भी रात की ठंड गायब है और गर्मी से बचाव के लिए एसी का सहारा लेना पड़ रहा है। अक्टूबर के अंतिम दिनों में रात का तापमान सामान्य से कम होने लगता है, मगर इस बार पारा तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। मानसून की विदाई के बाद हवा की दिशा में बदलाव होने से कुछ दिनों तक सुबह के वक्त ठंड ने दस्तक दी थी। इसके बाद ठंड का प्रभाव धीरे-धीरे कम होने लगा और वर्तमान में गर्मी महसूस होने के कारण राहत के लिए एसी का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक नमी की वजह से बादल छा रहे हैं जो रात बड़ी होने के बाद जमीन को ठंडा नहीं होने दे रही है।

# पहली बार स्टेशनों में गूंजने लगे छठ पर्व के गीत, 20 से अधिक स्टेशनों में शुरू हुई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मंगीला हम वरदान हे गंगा मइया छठी माई के करब हम वरतिया कांच ही बांस के बहंगिया..,जैसे प्रसिद्ध छठ पूजा के गीत रायपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों की उद्घोषणा प्रणालियों एवं टीवी डिस्प्ले से गूंज रहे हैं, जो न केवल यात्रियों के मन को छूने वाला अनुभव बन रहा है, बल्कि उन्हें बिहार की सोंधी संस्कृति से भी जोड़ रहा है। इस वर्ष भारतीय रेल ने छठ के इस अवसर को और भी खास बना दिया है। विशेषकर महिला यात्रियों को इन गीतों को गुनगुनाते हुए भी देखा जा सकता है। भारतीय रेल ने इस प्रकार का प्रयोग पहली बार किया है। हर साल छठ पूजा के दौरान लाखों की संख्या में बिहार और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने घरों की ओर लौटते हैं। अपने परिवार संग छठ पूजा मनाने जाने वाले लोगों के लिए इस वर्ष भारतीय रेल ने 12000 से अधिक विशेष ट्रेनों तथा हजारों नियमित ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को उनके घर शहर पहुंचने का जिम्मा लिया है और सफलतापूर्वक अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करते हुए यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया है, लेकिन स्टेशनों पर स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत शायद पहली बार हो रहा है। यह कोशिश अपने आप में विशिष्ट है और दूर दराज से आने वाले यात्रियों को बिहार की सोंधी संस्कृति से जोड़ रही है।

**स्टेशन की उद्घोषणा प्रणाली से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत किया जा रहा**



#### 20 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे

रायपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशन ऑन रायपुर दुर्ग भिलाई पावर हाउस भाटापारा तिल्दा नेवरा सहित 20 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे हैं। रेलवे इस प्रयोग से छठ पूजा के लिए जा रहे यात्री विशेष कर महिला यात्री खुशी व्यक्त कर रही हैं। लोक आस्था का महान पर्व छठ लोकगीतों के बिना अधूरा है। छठ घाटों की ओर जाने वाली महिलाएं समूह में छठ के गीत गाते चलती हैं और छठी मैया से अपने, परिवार, समाज और देश के लिए आशीष मांगती हैं। दूर दराज से ट्रेन पड़कर आ रहे यात्रियों की ट्रेन जब उनके रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो यात्रियों को छठ के गीत सुनाई पड़ने लगे।

### मुक्तिधाम वह स्थान है जिसे सबसे कम प्राथमिकता

# छत्तीसगढ़ के मुक्तिधामों को हाईकोर्ट के आदेश पर मिलेगी बदहाली से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ के मुक्तिधामों में बरसों-बरस से चली आ रही अव्यवस्था की बदहाली से अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुक्ति मिलेगी। बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के बाद पंचायतों, नगरीय निकायों में स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए हैं। इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीईओ को आदेश जारी कर दिया है। खास बात ये है कि सुविधाएं जुटाने के लिए डीएमएफ, सीएसआर, निकाय निधि और 15वें वित्त आयोग मद से भी राशि का उपयोग करने की अनुमति दी गई है।

- सूडा ने सभी निकाय प्रमुखों के लिए जारी किया आदेश

**ये है मामला :** दरअसल बिलासपुर हाईकोर्ट में दायर की गई एक जनहित याचिका पर आदेश जारी कर मुक्तिधामों की अव्यवस्था सुधारने कहा गया है। खास बात ये है कि खुद अदालत ने आदेश में कहा है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार शामिल है। यद्यपि पूरे राज्य में मुक्तिधाम वह स्थान है जिसे सबसे कम प्राथमिकता दी जाती है।

**अब मुक्तिधामों में करनी होगी ये व्यवस्था :** सूडा ने सभी नगरीय निकाय से कहा है कि मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई 15 दिन में करे। इसके लिए अभियान चलाएं। समय-समय पर मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई, आवश्यक सफाई कर्मी लगाकर की जावें। नगरीय निकाय द्वारा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जावें। मुक्तिधाम परिसर के चारों ओर वृक्षारोपण के माध्यम से ग्रीन फेंसिंग लगाएं। जिन निकायों में डीएमएफ एवं अन्य सीएसआर की राशि उपलब्ध है, यहां लोहे के कटीली तार के माध्यम से फेसिंग कराएं। टूटे हुए प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि का मरम्मत एवं मुक्तिधाम परिसर में पूर्व से निर्मित प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि का मरम्मत निकाय में उपलब्ध राशि या स्वयं के कर राजस्व मद से तत्काल करें। मुक्तिधाम में एक हैण्डपंप की व्यवस्था,आवश्यकतानुसार प्रकाश की व्यवस्था हो। हर नगरीय निकायों में कम से कम एक मुक्तिधाम शेड एवं प्रतीक्षालय की स्वीकृति प्राप्त की जाए। यह प्रस्ताव तत्काल भेजें। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) से मुक्तिधाम परिसर में 2 शौचालय (पुरुष एवं महिला) की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजे।

#### सूडा ने जारी किया आदेश

हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीईओ के लिए आदेश जारी किया है। सूडा ने मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार के लिए कहा है। यह भी बताया है कि एक आदर्श मुक्तिधाम में किस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए।



#### खर्च के लिए खुलेगा खजाना

मुक्तिधाम की बदहाली दूर करने के लिए निकायों के पास धन की कमी होती है, लेकिन अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद रकम की कमी नहीं होगी। सूडा ने कहा है कि सुविधाओं के लिए जिला खनिज न्यास मद, सीएसआर, निकाय निधि एवं 15वें वित्त आयोग आदि मदों की राशि का उपयोग करें। इसके साथ ही मुक्तिधाम में संपन्न अंतिम संस्कार का निकाय के माध्यम से व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाए तथा मुक्तिधाम परिसर में हेल्पलाईन तथा शिकायत निवारण हेतु जिम्मेदार अधिकारी,कर्मचारियों का नाम एवं मोबाईल नम्बर सहज दृश्य स्थानों पर लिखवाएं। क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इस का सतत मॉनिटरिंग करें।


# हाईट्रोक्लोरिक एसिड से लोड टैंकर का प्रेशर वॉल्व फटा, बड़ी दुर्घटना टली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

औद्योगिक उपयोग के काम आने वाला हाईड्रोक्लोरिक एसिड से भरे टैंकर का प्रेशर वाल्व फटने से शुक्रवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना आरंग-अभनपुर मार्ग की है। टैंकर का प्रेशर वाल्व फटने की जानकारी मिलने पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रोड क्लीन करने के साथ आवागमन को एक तरफ से रोका गया। रोड क्लीन होने के बाद सामान्य रूप से आवाजाही शुरू हो पाई।

- एसिड सड़क के चारों तरफ फैला, आवागमन बाधित

मंदिर हसौद पुलिस के अनुसार विशाखापट्टनम से हाईड्रोक्लोरिक से लोड टैंकर रायपुर के लिए निकला था। आरंग-मंदिर हसौद मार्ग पर टैंकर का प्रेशर वाल्व फट गया। वाल्व फटने से एसिड पूरी सड़क पर फैल गया। एक अन्य ट्रक चालक ने टैंकर चालक को वाल्व फटने की जानकारी दी। इसके बाद



टैंकर चालक ने साइड में गाड़ी खड़ी की। सड़क में एसिड फैलने से धुंआ उठने लगा। जानकारी मिलने पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने एसिड पर पानी का छिड़काव कर रोड साफ किया। इसके साथ ही जहां से एसिड निकल रहा था, वहां पानी का छिड़काव किया। घटना सुबह नौ बजे की है, इस वजह से रोड में ट्रैफिक का दबाव कम था। इस वजह से बड़ी दुर्घटना टल गई।

#### मेटल क्लीन करने के काम आता है

हाईड्रोक्लोरिक एसिड का इस्तेमाल घर के टॉयलेट, टाइल्स की सफाई करने के काम में आता है। इसके अलावा उच्चगुणवत्ता वाला हाईड्रोक्लोरिक एसिड उद्योगों में मेटल क्लीन करने के काम आता है। विशाखापटनम से ट्रांसपोर्ट कर लाया जा रहा हाईड्रोक्लोरिक एसिड धरसींवा, बंजारी स्थित एक मेटल उद्योग के लिए लाया जा रहा था।

# तीसरे राउंड की मेरिट लिस्ट में 2777 नाम, 395 सीटों की आवंटन सूची आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमबीबीएस-बीडीएस के तीसरे राउंड की मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। सूची में 2777 अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं। इस आधार पर 395 सीटों की आवंटन प्रक्रिया पूरी करने के बाद सूची का प्रकाशन रविवार को किया जाएगा। शेड्यूल के अनुसार इस मॉपअप राउंड में प्रवेश की प्रक्रिया 28 से 31 अक्टूबर तक पूरी होगी।

- 28 से 31 अक्टूबर तक होगा एडमिशन

काउंसिलिंग की इस प्रक्रिया पर दिवाली का ब्रेक लगा था जो अब समाप्त हो चुका है। नए आवेदन के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को मेरिट सूची का प्रकाशन किया है। इसमें एमबीबीएस और बीडीएस की खाली सीटों के लिए 2777 लोगों के नाम शामिल हैं। प्रावीण्यता के आधार पर अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन किया जाएगा और माहांत तक स्क्रूटनी और प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निजी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की सीट बढ़ने के बाद मॉपअप राउंड में बीडीएस सहित कुल 395 सीटों को शामिल किया गया है। राज्य में इस बार 15 मेडिकल कालेज और 7 डेंटल कालेज में बीडीएस का एडमिशन दिया जा रहा है।



#### नर्सिंग में एडमिशन 26 तक

इधर नर्सिंग कालेजों में एडमिशन की प्रक्रिया 26 अक्टूबर तक पूरी की जा रही है। जीएनएम से बीएससी में अपग्रेड हुई सीटों को काउंसिलिंग में शामिल नहीं किए जाने की वजह से नर्सिंग काउंसिलिंग कमेटी को हाईकोर्ट से भी फटकार लग चुकी है। अभी बीएससी नर्सिंग में प्रवेश की प्रक्रिया न्यूनतम 50 अंक के नियम के आधार पर की जा रही है। नर्सिंग कालेजों में एडमिशन 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है।

**बेमुद्दत हड़ताल की चेतावनी**

# धान खरीदी से पहले सोसाइटी कंप्यूटर आपरेटर आंदोलित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के कंप्यूटर आपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलित हो रहे हैं। इन लोगों ने शुक्रवार को आंदोलन की शुरुआत कर दी है। इनका कहना है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो 12 नवंबर से अनिश्चित कालीन आंदोलन किया जाएगा। राज्य में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होनी है। अगर मांगें नहीं मानी गईं और आंदोलन तेज हुआ, तो धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना है।

#### ये हैं चार सूत्रीय मांगें

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री समेत प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष अपनी प्रमुख चार सूत्रीय मांगें रखी हैं। कंप्यूटर ऑपरेटरों को 12 माह का वेतन दिया जाए। वर्षों से कार्यरत ऑपरेटरों को नियमित किया जाए। धान खरीदी केंद्रों पर कार्यरत समिति कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। धान में सूखत



(नमी की कमी) आने पर कर्मचारियों पर दर्ज होने वाले एफआईआर की व्यवस्था समाप्त की जाए।

#### ये है आंदोलन की रूपरेखा

संघ ने सरकार को चेतावनी देते हुए चरणबद्ध आंदोलन कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके तहत 24 अक्टूबर को सभी जिलों में जिला मुख्यालयों पर प्रतीकात्मक रैली और ज्ञापन सौंपा गया है। इसके बाद 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। 3 नवंबर को संभाग स्तरीय आंदोलन को तेज किया जाएगा। 12 नवंबर से, यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं, तो प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

# जोन की ट्रेनों में मिलेंगे कवर लगे कंबल, संक्रमण की आशंका होगी कम, लंबे समय तक रहेगा टिकाऊ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

ट्रेन में सफर के दौरान अक्सर यात्रियों की रेलवे से शिकायत रहती है कि उन्हें गंदा व उपयोग किया हुआ कंबल दिया गया है। अब रेलवे ने इस समस्या को खत्म करने के लिए नई व्यवस्था बनाई है, जिसका लाभ जल्द ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों व जोन की ट्रेनों में भी यात्रियों को मिलेगी। रेलवे अब यात्रियों को कवर लगे हुए कंबल मुहैया कराएगा। इस दिशा में अब दपूमरे की तैयारियां शुरू होने वाली हैं।

- ट्रेनों में यात्रियों को कंबल कवर की नई सुविधा जल्द, रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों और जोन की ट्रेनों में भी मिलेगी
- पहले कंबल बिना कवर के दिए जाते थे, जिससे यात्री उनकी सफाई को लेकर चिंतित रहते थे

बीते दिनों रेलमंत्री के आदेश पर सभी जोन में सभी ट्रेनों के वातानुकूलित कोच में यह व्यवस्था बनाने में अधिकारी जुट गए हैं। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के बाद दपूमरे की ट्रेनों में यह शुरू किया जाएगा।

बता दें कि पहले कंबल बिना कवर के दिए जाते थे। रेलवे के सेट बेडरोल और कंबलों का वितरण होता है। इन बेडरोल में चादर, तकिया, तौलिया और अब कवर लगे कंबल शामिल होंगे। इससे यात्रियों को अधिक स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक यात्रा का अनुभव मिलेगा। जानकारी के मुताबिक स्टेशन से होकर चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के बीच चलने वाली ट्रेनों में यह सुविधा पहले मिल सकती है। सीपीआरओ डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने बताया कि जोन में भी सुविधा मिलेगी। धीरे-धीरे व्यवस्था बनाकर लागू की जाएगी।



#### इन बातों का रखा गया है ध्यान

जानकारी के अनुसार, कंबल कवर बनाते समय दो बातों पर खास ध्यान दिया गया है। पहला, ये लंबे समय तक टिकाऊ रहें, और दूसरा, इन्हें धोना आसान हो तथा प्रिंट फीका न पड़े। सांगानेरी प्रिंट की खासियत है कि यह मजबूत और चमकदार है, जो बार-बार धोने पर भी इनकी सुंदरता बनी रहेगी। ये कवर न केवल कंबल को साफ-सुथरा बनाए रखेंगे, बल्कि यात्रियों को कम्फर्टेबल और सुखद अनुभव भी देंगे।

#### कवर लगने से सफाई आसान होगी

रेलवे बोर्ड सभी ट्रेनों की एसी श्रेणियों में लागू किया जा रहा है। कंबलों पर खोल (कवर) लगाने से उनकी सफाई आसान होगी और हर यात्रा के बाद खोल बदले जा सकेंगे। इससे संक्रमण की आशंका कम होगी। यह कवर न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि साफ-सफाई बनाए रखना भी यहां आसान होगा। इससे यात्रियों को स्वच्छ और कम्फर्टेबल अनुभव मिलेगा। रेलवे का मानना है कि इससे यात्रियों की शिकायतें कम होंगी और यात्रा का स्तर और भी बेहतर बनेगा।

# आंख से होते हुए दिमाग तक जा घुसी पूजा की घंटी, डीके अस्पताल में दिवाली के दिन पूरी हुई चुनौतीपूर्ण सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खेलते-खेलते गिरी बच्ची की आंखों में पूजा की घंटी जा घुसी। घंटी आंख के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त करते हुए मस्तिष्क तक पहुंच गई। गंभीर हालत में बिलासपुर सिम्स से डीके हास्पिटल भेजी गई 9 साल की बच्ची का आनन-फानन ऑपरेशन हुआ। डाक्टरों की विशेष टीम ने चुनौतीपूर्ण सर्जरी पूरी कर घंटी बाहर निकालने के साथ आंख और दिमाग को किसी तरह नुकसान होने से बचा लिया। बच्ची को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक हास्पिटल में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। बताया जाता है कि दिवाली के दिन बच्ची खेलते हुए गिरी थी और पूजा के सामान के साथ रखी घंटी उसके चेहरे पर लगी थी। घंटी सीधे उसकी बांई आंख में घुसकर दिमाग तक पहुंच गई थी। हादसे का शिकार हुई बच्ची को घरवाले उपचार के लिए बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज ले गए थे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे उसी हालत में डीके हास्पिटल भेजा गया था। मासूम बच्ची के केस के बारे में जानने के बाद डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की अधीक्षक डा. शिप्रा शर्मा एवं उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा ने न्यूरोसर्जरी और नेत्र रोग विभाग के डाक्टरों की विशेष टीम बनाकर जरूरी ऑपरेशन की तैयारी कर ली थी। बच्ची के आने के बाद आवश्यक जांच कर उसे ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। दूरबीन की मदद से चुनौती भरा ऑपरेशन पूरा करने के बाद घंटी को दिमाग के क्षतिग्रस्त हिस्से से बाहर निकालकर रिपेयर किया गया था। इसके बाद नेत्ररोग विशेषज्ञों ने घंटी से क्षतिग्रस्त आंख की सफलतापूर्वक मरम्मत की। बच्ची को आवश्यक इलाज के लिए अभी डीके हास्पिटल में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। सर्जरी के बाद वह खतरे से बाहर बताई गई है।

- खेलते-खेलते घंटी पर जा गिरी थी 9 साल की बच्ची, बिलासपुर से लाई गई थी
- दूरबीन पद्धति से बाहर निकाली घंटी, आंख और मस्तिष्क दोनों सुरक्षित







#### सुबह-सुबह ऑपरेशन

लक्ष्मी पूजा को देर रात बच्ची को डीके हास्पिटल गया था। अवकाश होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम को एकत्र किया और तमाम जांच के बाद बच्ची का सफलता के साथ ऑपरेशन पूरा किया। न्यूरो सर्जन डा. राजीव साहू ने बताया कि यह केस इसलिए भी अनोखा था, क्योंकि घंटी आंखों में घुसने के बाद रेटिना और आईबॉल को डेमैज नहीं कर पाई थी।

# नवविवाहिता खुदकुशी, गिरफ्तार

### पति के साथ सास, ससुर, देवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पति तथा ससुरालियों के खिलाफ मारपीट, प्रताड़ना के आरोप का वीडियो बनाकर खुदकुशी करने वाली महिला के पति, सास, ससुर तथा देवर को डीडीनगर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। नवविवाहिता ने 21 अक्टूबर को अपने कमरे में हाथों की नस काटकर फांसी लगा ली थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को महिला द्वारा लगाए गए आरोप के आधार पर गिरफ्तार किया है। मंजूषा गोस्वामी खुदकुशी मामले में पुलिस ने नवविवाहिता के पति पुर्वेंद्र पुरी गोस्वामी, देवर अभिषेक, सास पुष्पलता, ससुर विजय गोस्वामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का भी अपराध दर्ज किया है। महिला ने खुदकुशी करने के पूर्व अपने मोबाइल में वीडियो बनाकर आरोप लगाया था कि शादी के बाद से उसे उसके ससुराल वाले मारपीट करने के साथ दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। घटना दिनांक को टीवी देखने तथा रिमोट छीनने के विवाद पर पूर्वेंद्र ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी।

# सीएम साय की घोषणाओं पर अमल, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में दो ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही क्षेत्रों में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राज्य शासन के वित्त विभाग ने जहां 5000 शिक्षकों के पदों पर भर्ती की सहमति प्रदान की है, वहीं 9 नवीन नर्सिंग महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्यों के लिए 78 करोड़ 15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

इन दोनों निर्णयों से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी राज्य के सर्वांगीण विकास की सबसे मजबूत नींव हैं। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और हर परिवार को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हों। 5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों की स्वीकृति दोनों ही निर्णय 'विकसित छत्तीसगढ़' के विजन को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षकों की नई भर्ती से ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर होगी, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता और निरंतरता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। वहीं नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना से स्वास्थ्य शिक्षा और सेवाओं का दायरा विस्तृत होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

***मंत्री जायसवाल बोले- यह निर्णय मील का पत्थर*** : *स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस निर्णय को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वास्थ्य शिक्षा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की स्वीकृति से प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह पहल छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सेवाओं और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। प्रत्येक नर्सिंग महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 8 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।*

**5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण को स्वीकृति, युवाओं के लिए खुले रोजगार और आत्मनिर्भरता के द्वार**





***रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण : चौधरी***
*वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी की मंशा के अनुरूप शिक्षा और स्वास्थ्य को राज्य की शीर्ष प्राथमिकता बनाया गया है। वित्त विभाग द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की सहमति देना इसी संकल्प का हिस्सा है। शिक्षा और स्वास्थ्य में किया गया हर निवेश प्रदेश के भविष्य में किया गया निवेश है। वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए मूलभूत क्षेत्रों को संसाधन उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।*

***5000 शिक्षकों की भर्ती से शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी***
*शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा।*

## खबर संक्षेप

### किशोरी से अनाचार 10 साल कारावास

**रायपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उरला थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व किशोरी से रेप करने के आरोपी को राम कुबेर साहू को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, राम कुबेर ने किशोरी को बच्चों की देखरेख करने अपने घर में ले जाकर 7 मई 2022 को रेप किया था। राम कुबेर का परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया था। इस दौरान उसने किशोरी को अपने रूम में बंद कर रेप किया।

### गांजा तस्कर को 10 वर्ष कैद, एक लाख जुर्माना

**रायपुर।** एक गांजा तस्कर को कोर्ट ने 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई किरण थवाइत की स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। जिस गांजा तस्कर को कोर्ट ने सजा सुनाई है, वह ओडिशा का रहने वाला है। एक वर्ष पूर्व गांजा तस्करों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया था। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने ओडिशा, गजपति निवासी बेनरदा बीरा (46) को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। जीआरपी ने स्टेशन परिसर के चबूतरा में संदिग्ध हालत में बैठे बेनरदा के बैग की तलाशी ली, तो बैग में गांजा मिला। पूछताछ करने पर बेनरदा ने ओडिशा से गांजा तस्करी कर खपाने लाए जाने की जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी ने बेनरदा के कब्जे से पिछले वर्ष 10 जुलाई को गांजा जब्त किया था।

### सैफायर ग्रीन्स परियोजना के क्लब हाउस का स्वामित्व अब निवासियों की सोसाइटी के हाथों में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) रायपुर ने विधानसभा रोड स्थित सैफायर ग्रीन्स परियोजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रकरण में ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए परियोजना के समस्त कॉमन एरिया तथा क्लब हाउस का संपूर्ण प्रबंधन और नियंत्रण परियोजना में शामिल समस्त सोसाइटी की एक अपेक्स सोसाइटी गठित कर उसे हस्तांतरण करने का आदेश दिया है। ग्रीन्स विला रेजिडेंशियल को ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा अधिवक्ता अभिनव कार्डेकर के माध्यम से बिल्डर ओम बिल्डर एवं ओम कांट्रक्शन के विरुद्ध परियोजना के समस्त कॉमन एरिया, सुविधाओं तथा क्लब हाउस के विधिवत हस्तांतरण न होने और अधूरी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परिवाद दायर किया था। इस प्रकरण में आवेदकों की ओर से अधिवक्ता अभिनव कार्डेकर ने पैरवी की। उन्होंने प्राधिकरण के समक्ष निवासियों के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए, जिसके परिणाम स्वरूप यह महत्वपूर्ण आदेश पारित हुआ। सोसाइटी का आरोप था कि बिल्डर ने अब तक परियोजना का प्रशासनिक एवं वित्तीय हस्तांतरण नहीं किया।

## आयोजन : तालाब से जल भरकर कथा स्थल तक पहुंचाया गया

# अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता का कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



सेल ग्राम पंचायत भद्रा (जुनाडीह) में अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता के साथ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। महिलाओं एवं युवतियों ने कलश यात्रा में शामिल हुए थे, तालाब से जल भरकर कथा स्थल तक पहुंचाया गया हैं। अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता भाजपा जिला मंत्री एवं जनपद सदस्य मेलाराम साहू ने शुभांरभ किया गया है। अतिथि जिला मंत्री एवं जनपद सदस्य मेलाराम साहू का गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल कटगी के महामंत्री एवं पूर्व सरपंच अटल संतराम वर्मा ने तीन पुरस्कार दिया जा रहा हैं। प्रथम पुरस्कार फिल्मी भजन लोक संगीत सुगम संगीत। 2 नवंबर को श्रीराम राज्य तिलक होगा। 2 नवंबर को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला होगा और 3 नवंबर को हवन पूजन कर सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा। इस आयोजन समिति के अध्यक्ष पुनीराम कर्ष, उपाध्यक्ष मनोज कुमार कश्यप, सचिव गणेश कश्यप, सहसचिव प्रमोद कश्यप, कोषाध्यक्ष हरप्रसाद कश्यप, रामकुमार कैवर्त्य, गोरेलाल कैवर्त्य, कलश यात्रा में इस मौके पर सोहन कश्यप, बाबूलाल कश्यप, नरेश साहू, आनंदराम कश्यप, प्रेमसागर कश्यप, संतोष केवट, चैतराम केवट, सुरेश कैवर्त्य, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए थे।



## दुपहिया वाहन चलाने वाले आरक्षक पर की गई चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- डोटोपार और सकरी बाईपास हेलमेट जोन में बिना हेलमेट वाहन चलाना अपराध
- बलौदाबाजार यातायात पुलिस कर रही लगातार कार्रवाई

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में समुचित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु बलौदाबाजार यातायात पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं समुचित यातायात व्यवस्था हेतु बलौदाबाजार नगर में प्रवेश करने वाले दो प्रमुख चौक डोटोपार बाईपास चौक एवं सकरी बायपास चौक को हेलमेट जोन घोषित किया गया है, जिसमें बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 25 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे लगभग डोटोपार चौक हेलमेट जोन से बिना हेलमेट पहने, मोटरसाइकिल चलाने वाले आरक्षक क्र 698 गणपत लहरे वर्तमान तैनाती थाना भाटापारा ग्रामीण के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है। आरक्षण गणपत लहरे डोटोपार चौक हेलमेट जोन में बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालन कर रहा था, जिसके विरुद्ध यह चालानी कार्रवाई की गई है। हेलमेट जोन में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## बलौदाबाजार में आवास मेला 2025 शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में शासन के निर्देशानुसार आवास मेला का आयोजन किया गया, आवास मेले में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, एवं अन्य केंद्र और राज्य द्वारा संचालित योजनाओं के शिविर का आयोजन किया गया।

आवास योजना - 30, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना - 231, राशन कार्ड - 01, जन्म मृत्यु - 05, सवनिधि - 18, हेल्थ कैंप - 55, आज के शिविर में पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशिष तिवारी, अशोक जैन, जितेन्द्र महाले, अंजनी गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, रेखा पटेल, श्रध्दा मनीष वर्मा, रोहित साहू, हरजीत सिंह सलूजा, लोकेश कुमार, सतीश पटेल, जितेन्द्र कुमार डड़सेना, मनोज कांत पुरेना, सुरेशकुमार घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चन्द्रशेखर गुप्ता, आदित्य गुप्ता (गुड्डू), डिगेश्वरी नामदेव, मंजू होरेलाल फेकर, शेख सलमान, कन्हैया सेन, प्रिया शशि भूषण शुक्ला, ममता सुभाष राव, उपअभियंता रितेश स्थापक, सी.एल.टी.सी. विशेषज्ञ मुकेश लहरे, पी.आई.यू. नमिता ठाकुर, मिशन मैनेजर संदीप कुर्रे, सामुदायिक संगठक प्रिती ठाकुर, दिपीका बंजारे, गेंदकुमार विश्वकर्मा, रजनीश मिश्रा, संजय साहू, अजित निर्मलकर, धनेश पटेल उपस्थित रहे।

## देवसुंदरा में डांस का जलवा, प्रतिभागियों ने जीता दर्शकों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया



ग्राम देवसुंदरा में लक्ष्मी उत्सव समिति के तत्वावधान में डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृष्णा डांस ग्रुप पाटन, द्वितीय स्थान स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर तथा तृतीय स्थान मन के मित कसडोल ने प्राप्त किया। इसके अलावा युगल एवं एकल नृत्य श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष धन्नू साहू ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और सांस्कृतिक एकता को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी कला और प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लें।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवसुंदरा के सरपंच अभिराम साहू सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा आगामी वर्षों में और भी बड़े स्तर पर आयोजन करने की बात कही।

## छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन की अनिशिचतकालीन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ के ड्राइवरों ने अब अपनी आवाज बुलंद कर दी है। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के बैनर तले प्रदेशभर के चालक समुदाय ने 25 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन महाबंद और चक्काजाम आंदोलन की घोषणा की है।

आंदोलन की शुरुआत आज खरोरा से की गई है, जिसमें हज़ारों की संख्या में ट्रक, बस, ऑटो, टैक्सी और अन्य कमर्शियल वाहन चालक शामिल हुए। ओडिशा सरकार द्वारा ड्राइवर सुरक्षा से संबंधित मांगों को स्वीकार किए जाने के बाद अब छत्तीसगढ़ के चालक समुदाय ने राज्य सरकार से भी वही अपेक्षा जताई है। संगठन ने कहा है कि यदि मांगे नहीं मानी गईं, तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी जनआंदोलन में तब्दील हो जाएगा। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन ने राज्य सरकार से कहा है कि हम सड़क पर सिर्फ वाहन नहीं चलाते, प्रदेश की अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। हमारी मांगें किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, बल्कि हर उस ड्राइवर के जीवन, सम्मान और सुरक्षा के लिए हैं जो दिन-रात सड़कों पर मेहनत करता है।"संगठन ने यह भी कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और जनहितकारी रहेगा, लेकिन जब तक सरकार ठोस कदम नहीं उठाती, तब तक चक्का जाम जारी रहेगा।

**महासंगठन की प्रमुख मांगे**

- छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू की जाए
- ड्राईवर सुरक्षा कानून का गठन किया जाए
- ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की जाए
- सभी कामर्शियल लाइसेंस धारकों के लिए बीमा व्यवस्था अनिवार्य की जाए
- सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए
- सड़क दुर्घटना में अपंगता की स्थिति में 5 लाख की सहायता राशि मिले
- प्रत्येक चालक को हेल्थ कार्ड जारी किया जाए, जिससे पूरे देश में

## तिल्दा जनपद में हुआ नए सीईओ का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

जनपद पंचायत तिल्दा मे नये सीईओ रवि कुमार का स्वागत मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी नीलकमल पटेल, पूनमचंद ऑडिल अध्यक्ष रोजगार सहायक संघ तिल्दा, खड़ानंद वर्मा, देवीकॉत साहू, शाखाराम कोसले, शशिकॉत राजपूत, घनश्याम कुर्रे, किर्ती बंजारे, चॉदनी टंडन, कविता वर्मा, सरिता मॉडले, अशोक टंडन, नितूधीरज, डिगेश्वरी यादव, नरेंद्र टंडन, अविनाश चेलक, जीतेंद्र कश्यप, चेतन वर्मा, जितेंद्र साहू, सितेश्वरी चौहान एवं जगदेव कंडरा सहित एक साथ सभी रोजगार सहायक द्वारा पुष्प गुच्छ व गुलदस्ता से स्वागत किया गया।

## पेज 9 के शेष

### फल विक्रेता की...

वक्त घर में अकेला था। उसकी पत्नी और बच्चे रात में नाचा कार्यक्रम देखने ग्राम लटेरा गए हुए थे। प्रारंभिक जांच के आधार पर हत्या की घटना 24 अक्टूबर की रात 10 बजे से 25 अक्टूबर की सुबह 9 बजे के बीच की बताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच और विवेचना प्रारंभ कर दी है। अज्ञात आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम सक्रिय है।

### पार्षद के दुकान ...

देखा तो ताला टूटा हुआ था और गल्ले में रखा रुपए गायब थे इसकी सूचना कोतवाली थाना में दी गई थी वहीं आज पुनः अज्ञात चोरों द्वारा पुनः दुकान का ताला तोड़ दिया गया है। जो कि पुलिस की पेट्रोलिंग पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। मैं चाहता हूं कि रात में ज्यादा देर तक घूमने वालों पर कार्रवाई हो। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है जल्द आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

### नशे में धुत ...

साथियों के साथ नशे की हालत में उनके घर में जबरन घुसकर हमला किया। जब परिवार के सदस्यों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने घर की महिलाओं को गाली-गलौज करते हुए उन पर हाथ उठाया। कन्हैया यादव की माँ रेवती बाई यादव, पत्नी सरोजनी बाई यादव, बहन मिली यादव और बेटे देवदत्त यादव को निशाना बनाया गया।

**भीड़ देख मौके से भागे आरोपी:** उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकियां दी गईं। इस हमले में परिवार के सभी सदस्यों को चोटें आई हैं। हमले के दौरान हुए शोर को सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा होने लगे। भीड़ को अपनी ओर आता देख सभी दस आरोपी मौके से फरार हो गए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
24 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# अन्नपूर्णा मुहिम पूरे देश में बनीं मानवता की सेवा का प्रतीक : इन्द्र साव

## संत रामपाल जी महाराज की 'अन्नपूर्णा मुहिम' के तहत असहाय परिवार को मिला पक्का आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

मानवता ही सच्ची सेवा है जैसे भाव के साथ संत रामपाल जी महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम पूरे देश में मानवता की सेवा का प्रतीक बन चुकी है,उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने नगर के शहीद वीर नारायण वार्ड हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के पास में निवासरत बेसहारा गरीब जानकी यादव और बेटी मिलापा यादव को उनके नए मकान की चाबी सौंपते हुए कही,अपना नया आशियाना पाकर मां बेटी बहुत प्रसन्न होकर संत रामपाल जी की इस सेवा को नमन किया।

विदित हो कि संत रामपाल जी महाराज के नेतृत्व में संचालित विशाल सामाजिक उत्थान अभियान के तहत भाटापारा शहर में एक अत्यंत निर्धन और असहाय परिवार को एक सुरक्षित और गरिमापूर्ण पक्का आवास की चाबी विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में उन्हें सौंपी गई। यह मानवीय पहल उनके 'रोटी, कपड़ा, चिकित्सा, शिक्षा और मकान' के पंच-संकल्प के तहत 'अन्नपूर्णा मुहिम' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देशभर के जरूरतमंद परिवारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दौरान विधायक इन्द्र साव ने कहा कि जिस परिवार को यह घर सौंपा गया, वह वर्षों से एक जर्जर झोपड़ी में रह रहा था, जो हर बारिश और तूफान में ढहने के खतरे में रहता था। संत रामपाल जी महाराज की प्रेरणा से, उनके अनुयायियों ने सामूहिक श्रमदान और आर्थिक सहयोग से इस परिवार के लिए एक मजबूत, सम्मानजनक आवास का निर्माण किया।



### मानवता ही सच्चा धर्म को साकार कर रही मुहिम

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि संत रामपाल जी की अन्नपूर्णा मुहिम पूरे देश में मानवता की सेवा का प्रतीक बन चुकी है जहां जरूरतमंदों, विधवा, दिव्यांग परिवारों तक नियमित रूप से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है,यह मुहिम समाज में मानवता ही सच्चा धर्म है के संदेश को साकार कर रही है। यह केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि उस परिवार के लिए सुरक्षा, सम्मान और नई जिंदगी की शुरुआत का प्रतीक है जिसके लिए संत रामपाल जी महराज की सेवा मानवता की यही सच्ची सेवा है।इस दौरान वार्ड पार्षद लक्ष्मीकांत टंडन सहित संत रामपाल महराज के अनुयाई उनके सेवा श्रम के लोग सहित आसपास के वार्डवासी भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बरडीह में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**हिरमी रावन** । ग्राम बरडीह की पावन धरती पर, महामाया चौक के पास, स्वर्गीय नरेश कुमार वर्मा की पुण्य स्मृति में एक सप्ताह के 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 31 अक्टूबर से शुरू होकर 8 नवम्बर तक चलेगा। इस ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्वर्गीय नरेश कुमार वर्मा के माता-पिता, नारायण और अमृत वर्मा तथा परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं पूर्वजों की असीम कृपा से किया जा रहा है। कथा का वाचन पं. हरिकृष्ण महामान रवेली (रावन) द्वारा किया जाएगा, जिसका समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक रहेगा।

### सोनाखान तहसील साहू संघ का निर्वाचन 26 को

सेल। प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा जिला साहू संघ बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा तहसील साहू संघ सोनाखान के निर्वाचन की तिथि घोषित कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार 26 अक्टूबर दिन रविवार को ग्राम रिकोकला में तहसील साहू संघ सोनाखान का निर्वाचन सम्पन्न किया जाएगा। मतदाता सूची प्रकाशित निर्वाचन तिथि घोषित होने के बाद मतदाता सूची भी प्रकाशित कर दी गई है। सूची को ग्राम रिकोकला के सार्वजनिक रंगमंच में चस्पा किया गया है, जो अब व्हाट्सएप ग्रुपों में भी तेजी से वायरल हो रही है। दावेदारों में हलचल निर्वाचन की तिथि तय होने के बाद से ही संभावित दावेदारों में हलचल बढ़ गई है। सामाजिक बंधुओं के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि इस बार संगठन का अध्यक्ष पद किसे सौंपा जाएगा।

### छठ पूजा के लिए महादेवघाट सहित 40 तालाबों की कर रहे सफाई



**रायपुर** ।महादेवघाट में छठ पूजा के लिए खारुन तट की सफाई का सिलसिला विगत तीन दिनों से चल रहा है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन और छठ पूजा समितियों की संयुक्त सफाई टीम पूजा घाट को साफ-सुथरा करने के लिए जुटी है। कुछ ऐसी ही व्यवस्था बिरगांव निगम प्रशासन ने बनाई है। इस तरह शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के करीब 40 तालाबों की सफाई की जा रही है। नगर निगम एवं पूजा समितियों ने रविवार शाम तक सफाई का काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया है, ताकि सोमवार शाम को डूबते सूर्य की आराधना करने के लिए पहुंचने वाले उपासकों को बेहतर सुविधा दे सकें।

## निधन

### राधेश्याम वर्मा



**घोटिया** । राधेश्याम वर्मा घोटिया निवासी का आकस्मिक निधन 25 अक्टूबर को हो गया, उनका अंतिम संस्कार ग्राम घोटिया के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें ग्रामीण सहित स्वजाति बंधु सम्मिलित हुए । वे रघुनंदन वर्मा, भगवती वर्मा, भागवत वर्मा, परमेश्वर वर्मा के बड़े भैया व भीम वर्मा, यशवंत वर्मा के पिता थे ।

## आयोजन : ग्रामीण स्तर पर कानूनी जागरूकता बढ़ाने का संकल्प

# विधिक साक्षरता शिविर में नालसा की नई योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार एवं न्यायधीश जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर एवं तालुका विधिक सेवा समीति भटगांव के अध्यक्ष पुनीतराम गुरूपंच के नेतृत्व में 23 अक्टूबर को व्यवहार न्यायालय भटगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नालसा के नई योजनाओं जैसे डान, आशा, जागृति, संवाद, साथी के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।

नालसा द्वारा संचालित वर्ष 2025 की विभिन्न योजनाएं शामिल हैं। जिनमें नालसा जागृति योजना 2025 - ग्रामीण स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता का प्रचार प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करना। नालसा डान योजना 2025 - नशीली पदार्थ के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। नालसा संवाद योजना 2025 - समाज के कमजोर वर्मा को उनके कानूनी अधिकार और योजनाओं के बारे में जागरूक करना है खासकर आदिवासी विमुक्त जमीनी और जनजातीय को । नालसा आवाज उठाओ योजना - यह योजना कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने और पीड़ितों को सशक्त बनाने के लिए जागरूक करना, नालसा योजना - इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुक्त कानूनी सहायता प्रदान करना है। नालसा साथी योजना - निराश्रित और अनाथ बच्चों को अपनी पहचान आधार कार्ड दिलवाने के लिए शुरुआत की गई है। नालसा आशा योजना - यह मुख्य रूप से बाल विवाह की रोकथाम के लिए बनाई गई योजना है। इसके अतिरिक्त साइबर क्राइम, बाल श्रम निषेध, लोक अदालत में आपसी सहमति से राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण की जानकारी दी गई एवं राजस्व मामलों सबंधित विधिक जानकारी एवं जागरूकता प्रदान की गई । पैनल अधिवक्ता डगेश खटकर ,पी एल व्ही नरेश कुमार थाना भटगांव।

# खुशबू ने संस्कृति महोत्सव में पाया प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर कोसरंगी के कक्षा षष्ठ के छात्रा खुशबू के विगत दिनों मध्यप्रदेश के देवास में हुवे ग्राम भारती द्वारा आयोजित संस्कृति महोत्सव में छेत्र का प्रतिनिधित्व किया जहां पर प्रथम स्थान प्राप्त कर आगामी दिनों में होने वाले अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में प्रतिनिधित्व के लिए अपना नाम दर्ज करा लिए है । खुशबू साहु के घर आगमन पश्चात शिशु मंदिर विद्यालय परिवार एवं संचालक समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया।

- देवास में आयोजित ग्राम भारती महोत्सव में क्षेत्र का किया प्रतिनिधित्व
- शिशु मंदिर परिवार ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

साथ ही ग्राम भारती के पदाधिकारी गण अध्यक्ष पुनाराम वर्मा, सचिव सुरेंद नशीने, सह सचिव तोषण लाल साहू, कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा, जिला संयोजक मुकेश साहू, सदस्य गैंदलाल साहू, प्रधानाचार्य गंगू राम वर्मा, आचार्य उत्तम, परमानंद वर्मा, रूपेंद्र साहु, खेमू राम तुरकाने, आचार्या बसंती दास, सावित्री तुरकाने, सीमा साहू, दुर्गेश्वरी पाल, प्रतिभा साहू, लक्ष्मी साहु, रोमा दास, पार्वती साहु, शकुंतला निषाद, खिलेश्वरी साहु, आदि ने विजेता के पिता कुंज बिहारी साहू, माता लीला साहु को भी बधाई दिया जिनके सुपुत्री कु खुशबू साहु ने अपने पालक के साथ-साथ संस्था तथा छेत्र का नाम रोशन किया है एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है ।

# यादव समाज ने अनाथ बच्चों को दीपावली पर दिया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पुर गांव में रहने वाले एक गरीब परिवार के पांच मासूम बच्चों के ऊपर से तीन-चार महीने पूर्व माता-पिता का साया उठ गया था। इन बच्चों की देखभाल उनकी 65 वर्षीय दादी कर रही है जो खुद बेवा हैं। यह जानकारी मिलते ही आज दीपावली के अवसर पर झेरिया यादव समाज के प्रदेश संगठन मंत्री चंदराम यादव, बलौदा परिक्षेत्र के अध्यक्ष संतोष यादव और महामंत्री रामदयाल यादव ने इन बच्चों के घर पहुंचकर 2500 रुपये की छोटी सी आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की।

- ग्रामीण परिवार के पांच मासूम बच्चों को उपलब्ध कराई आर्थिक मदद
- समाज के पदाधिकारी बने बच्चों के लिए उम्मीद का सहारा

इस दौरान बच्चों की दादी ने समाज के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि आज के दिन समाज के लोगों ने उनकी मदद कर उनके बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रहे है समाज के लोगो को धन्यवाद है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री चंदराम यादव एवं बलौदा परिक्षेत्र के अध्यक्ष ने बच्चों को भरोसा दिलाया कि शासन और समाज से जो भी सहयोग होगा करने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही समाज के आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से अपील करते हुए आग्रह किया कि ऐसे बच्चों को कुछ न कुछ सहयोग अवश्य करें। साथ में इस प्रकार की जागरूकता अभियान चलाया जाएगा यह जानकारी सह सचिव भरभरी यादव ने दी।

# मुड़पार में मातर मड़ई उत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में परंपरा और संस्कृति का प्रतीक मातर मड़ई उत्सव इस वर्ष भी ग्राम मुड़पार में बड़े ही धूमधाम और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन यादव समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीण जन, श्रद्धालु और आगंतुक उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक संस्कृति का संरक्षण एवं समाज में आपसी एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना रहा।

ग्राम इकाई यादव समाज के प्रतिनिधि अशोक यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में दीपावली के बाद मनाया जाने वाला यह पारंपरिक और सांस्कृतिक पर्व मुख्य रूप से यादव समाज द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर लोकगीत, राउत नाचा, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों के साथ नृत्य और भजन प्रस्तुत किए गए। उत्सव की शुरुआत कुल देवता की पूजा-अर्चना से हुई, इसके बाद मवेशियों को सुहाई बांधा गया तथा गायों को सोहई पहनाकर दाईहन पर भ्रमण कराया गया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अशोक कुमार यादव, जीव लखनलाल यादव, दिनेश कुमार यादव, भरत यादव, रावल यादव, मूलचंद यादव एवं मनीराम यादव का विशेष सहयोग रहा।



### इसर-गौरा गौरी पूजन कर लिया आशीर्वाद

**खरोरा** । वार्ड क्रमांक 11 कृष्णा नगर में नगर पंचायत खरोरा की अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, पार्षद पंचराम यादव तथा पूर्व पार्षद तोरण ठाकुर के द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से इसर-गौरा गौरी की पूजा-अर्चना की गई। पूरे प्रदेश की खुशहाली, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना के साथ सभी ने पारंपरिक रीति से पूजा संपन्न की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी एवं सांसद प्रतिनिधि ने लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा तथा जेठाउनी पुन्नी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी नगरवासियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।



### नगर के मातर महोत्सव में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद**। स्थानीय तुमगांव रोड स्थित गौरा चौरा में यादव ठेठवार समाज द्वारा आयोजित मातर पर्व में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल होकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की। उल्लेखनीय है कि लगभग 70 वर्षो से अधिक समय से यादव समाज द्वारा मातर मेला का आयोजन अनवरत हर वर्ष भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। यादव समाज के लोग अपने अपने परिवार से गौ वंश का दूध इकट्ठा कर रात्रि में प्रसाद स्वरूप दूध का वितरण करते है। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि दीपावली पर्व के पांचवें दिन भाईदूज के दिन यह पर्व छत्तीसगढ़ के हर गांव शहर में मनाया जाता है। यह हम सबका पारंपरिक पर्व है। माताएं सुआ नृत्य करती है। वही यादव समाज के लोग घर घर पहुंचकर छत्तीसगढ़ की लोक राउत नाचा से नागरिकों का स्वागत करते है। पूर्व विधायक चोपड़ा ने कहा कि भगवान कृष्ण छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद क्षेत्र में सुख समृद्धि यश प्रदान करें। जनता के खुशहाली की कामना की। नपाउपाध्यक्ष राठी ने कहा कि यह पर्व वार्ड नं. 14 में आयोजित होने के कारण वार्ड की जनता का सौभाग्य है। भगवान कृष्ण हर कला से पूर्ण थे, हम सबकों उनके जीवन के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर पार्षदगण माखन पटेल, राजू चंद्राकर, भाजपा नेता संदीप घोष, शरद मराठा उपस्थित थे। इसके अलावा यादव समाज के प्रमुख दीनू यादव, पलाश यादव, कृपाराम यादव, जगदीश यादव, खिलावन यादव, भरत यादव, नारद यादव, पुनीत यादव आदि मौजूद रहे।

## गांववासियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया लोकपर्व

# श्रद्धा व भक्ति के साथ हुआ गौरा-गौरी विसर्जन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



ग्राम हथबंद नवापारा मंडल में आज गौरा-गौरी विसर्जन का पावन आयोजन बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ईसर गौरी और माता गौरी की पूजा-अर्चना कर सभी ने गांव की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

यह आयोजन छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा और सांस्कृतिक आस्था का एक जीवंत प्रतीक रहा पूरे गांव में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। छोटे-बड़े, बुजुर्ग और युवा सभी ने मिलकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ इस लोकपर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया। गांव की गलियों में गूंजते भजन, लोकनृत्य और गौरा-गौरी के जयघोष ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया यह दृश्य केवल आस्था का नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, आपसी एकता और पारंपरिक धरोहर की भी झलक प्रस्तुत करता रहा।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, मंडल उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, मोनू समुद्र, जीतू यादव, शाला समिति उपाध्यक्ष शिव ध्रुव, शंकर ध्रुव, पंच मूलचंद टंडन, तिहारु निषाद, टेकु ध्रुव, मंगल ध्रुव, कार्तिक ध्रुव, संतराम ध्रुव, विजय निषाद, संतु देवदास, अवधराम ध्रुव, राजेश प्रजापति, गज्जू यादव, मुलचंद ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गांववासियों ने पारंपरिक गीतों और नृत्यों के माध्यम से गौरा-गौरी पर्व को यादगार बना दिया। पूरा ग्राम भक्ति और आनंदमय माहौल से सराबोर नजर आया।



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411